महोबा पुलिस

दिनांक- 14.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1025/26

यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2026 के अंतर्गत महोबा यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग कर नियमों का उल्लंघन करने वाले 130 वाहनों के किए गए चालान, वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक।

"सुरक्षित सफर, सुरक्षित जीवन—यातायात नियमों का पालन, सभी का दायित्व।"

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2026 के अंतर्गत निरंतर जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात/नगर श्री रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 130 वाहनों के किए गए चालान-

- चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट यात्रा करने, चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने, दोषपूर्ण (फॉल्टी) नंबर प्लेट लगाने तथा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने सहित यातायात नियमों के विभिन्न उल्लंघनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कुल 130 वाहनों के चालान किए गए।

वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक-

- चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के महत्व एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन के आवश्यक अभिलेख साथ रखने, निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही सवारी बैठाने तथा वाहनों पर नियमानुसार स्पष्ट नंबर प्लेट लगाने के लिए प्रेरित किया गया।
- साथ ही वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की हिदायत दी गई। उन्हें बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

यातायात नियमों के पालन हेतु अभियान निरंतर जारी-

- महोबा पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2026 के अंतर्गत जनपद में जागरूकता कार्यक्रमों एवं वाहन चेकिंग अभियानों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही भी निरंतर जारी रहेगी।

महोबा पुलिस की अपील: दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाएं तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों का जीवन सुरक्षित रखें।



दिनांक- 14.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1026/26

महोबा पुलिस

सर्किल नगर- थाना खन्ना

थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड के नेतृत्व में थानाध्यक्ष थाना खन्ना की देखरेख में गठित पुलिस टीम ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह हे0का0 लवलेख कुमार द्वारा वारण्टी अभियुक्त 1. त्रिलोक सिंह पुत्र स्व0 मुलायम सिंह उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम मवईखुर्द थाना खन्ना जनपद महोबा, संबंधित ट्रायल संख्या 270/2019 धारा 323/504 आईपीसी को आज दिनांक 14.11.2026 को ग्राम मवईखुर्द से गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में वारण्टी अभियुक्त 2. छुट्टन उर्फ ज्ञान सिंह पुत्र परमा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम मवईखुर्द थाना खन्ना जनपद महोबा, संबंधित मु0अ0सं0 97/2018 धारा 147/323/504/342 भादवि को ग्राम मवईखुर्द से गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही दोनों वारण्टी अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. त्रिलोक सिंह पुत्र स्व0 मुलायम सिंह उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम मवईखुर्द थाना खन्ना जनपद महोबा।
2. छुट्टन उर्फ ज्ञान सिंह पुत्र परमा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम मवईखुर्द थाना खन्ना जनपद महोबा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह, थाना खन्ना जनपद महोबा।
2. हे0का0 लवलेख कुमार, थाना खन्ना जनपद महोबा।



महोबा पुलिस

दिनांक- 14.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1027/26

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना अजनर का आकस्मिक निरीक्षण, रात्रि गश्त एवं प्रभावी चेकिंग, लंबित शिकायतों के निस्तारण तथा थाना परिसर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 14.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना अजनर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं, पुलिस कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों का गहनता से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- सर्वप्रथम ड्यूटी रजिस्टर का अवलोकन करते हुए थाना प्रभारी को रात्रि गश्त में विशेष रुचि लेकर प्रभावी पुलिस गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की सघन चेकिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए, जिससे क्षेत्र में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।
- थाना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा लंबित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त अभिलेखों को अद्यावधिक एवं सुव्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया गया। थाने में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं संचालन की स्थिति का जायजा लेते हुए उनकी नियमित निगरानी एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
- इसके अतिरिक्त हवालात, बैरक, भोजनालय एवं संपूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित रखरखाव बनाए रखने के निर्देश दिए गए। लंबित एवं मुकदमती वाहनों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए वाहनों को क्रमवार एवं लाइनबद्ध तरीके से रखने तथा प्रत्येक वाहन पर संबंधित मुकदमे का स्पष्ट अंकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर तैनात महिला पुलिस अधिकारी से महिला संबंधी शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की गई। विभिन्न अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए महिला शिकायतकर्ताओं से नियमित फीडबैक प्राप्त करने, उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी दृष्टिकोण अपनाने तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि थानों में अनुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के साथ-साथ प्रभावी गश्त एवं चेकिंग पुलिस की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।
- इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अजनर श्री विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





महोबा पुलिस

दिनांक- 14.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1028/26

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना चरखारी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर अभिलेखों, शस्त्रागार एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा, प्रभावी गश्त एवं सतत वाहन चेकिंग के दिए निर्देश।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 14.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा थाना चरखारी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं महिला सुरक्षा से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।
- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सर्वप्रथम थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय एवं मालखाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अभिलेखों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संधारण, समयबद्ध प्रविष्टियों तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- इसके उपरांत मिशन शक्ति केंद्र पर प्राप्त प्रार्थना-पत्रों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की गई। लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया गया।
- निरीक्षण के दौरान थाने के शस्त्रागार का जायजा लेते हुए असलहों की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। इसके उपरांत गार्ड फाइल, रजिस्टर-08, बीट सूचना रजिस्टर, ऑर्डर बुक, मालखाना रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी सूची एवं न्यायालय संबंधी अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया गया। अभिलेखों को अद्यावधिक एवं सुव्यवस्थित रखने हेतु संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- इसके अतिरिक्त हवालात, बैरक, भोजनालय एवं संपूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित रख-रखाव बनाए रखने के निर्देश दिए गए। लंबित एवं मुकदमती वाहनों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए वाहनों को क्रमवार एवं लाइनबद्ध तरीके से रखने तथा प्रत्येक वाहन पर संबंधित मुकदमे का स्पष्ट अंकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
- इस दौरान उपस्थित ग्राम चौकीदारों से संवाद स्थापित कर उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखने, गांव में घटित होने वाली आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों तथा महत्वपूर्ण घटनाओं की सूचना तत्काल थाना पुलिस को देने एवं पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।
- निरीक्षण के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।
- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभावी रात्रि गश्त, नियमित पैदल गश्त एवं सतत वाहन चेकिंग सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।





महोबा पुलिस

दिनांक- 14.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1029/26

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अर्दली रूम में विवेचनाओं की गहन समीक्षा कर अपराध नियंत्रण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 14.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना चरखारी में सर्किल चरखारी के समस्त थानों (चरखारी, खरेला एवं श्रीनगर) में नियुक्त समस्त विवेचकों के साथ अर्दली रूम आयोजित किया गया।

- अर्दली रूम के दौरान UP Police के SSO (Single Sign On) पोर्टल पर प्रदर्शित 60/90 दिवस से लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। साथ ही अन्य लंबित विवेचनाएं, शिकायती प्रार्थना पत्र, IGRS प्रकरण, पंचायतनामा जांच, गुमशुदा व्यक्तियों की खोज, अपहृताओं की बरामदगी, निरोधात्मक कार्यवाही, न्यायालय से निर्गत NBW की तामील, ई-समन, यक्ष ऐप, ई-साक्ष्य, NCRP पोर्टल एवं विभिन्न अभियानों की प्रगति का बिंदुवार परीक्षण किया गया।

- इस दौरान उपस्थित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं समस्त विवेचनाधिकारियों से उनके प्रकरणों के संबंध में बिंदुवार समीक्षा करते हुए निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विवेचक अपने-अपने प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करें तथा लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। साथ ही वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, NBW की शत-प्रतिशत तामील एवं जनसुनवाई से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

- तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सर्किल चरखारी के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की स्थिति की समीक्षा की गई।

- इस दौरान संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।





महोबा पुलिस

दिनांक- 14.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1030/26

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा श्री गोवर्धन नाथ जू मेला चरखारी की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 14.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत आयोजित होने वाले श्री गोवर्धन नाथ जू मेला चरखारी के दृष्टिगत मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान मेला परिसर, आवागमन मार्गों, प्रवेश एवं निकास द्वारों तथा पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही मेला बंदोबस्त, पुलिस प्रबन्धन, यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मेला परिसर एवं उसके आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, भीड़ नियंत्रण हेतु प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने, सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों की तैनाती करने तथा सम्पूर्ण मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया।
- यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रखने, निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों को खड़ा कराने तथा मेला क्षेत्र के आसपास यातायात का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत फायर सर्विस की उपलब्धता, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु आवश्यक प्रबन्ध तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी मूलभूत व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।
- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि मेला प्रारम्भ होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं तथा ड्यूटी में नियुक्त पुलिसकर्मी अपने निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैदी से तैनात रहें। श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार करते हुए उनकी सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए।
- इस दौरान थानाध्यक्ष चरखारी श्री राहुल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।





दिनांक- 14.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1031/26

महोबा पुलिस

सर्किल चरखारी - थाना श्रीनगर

थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा चोरी के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों को चोरी के माल सहित किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के नेतृत्व में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री सुभाषचन्द्र द्वारा गठित पुलिस टीम ने चोरी के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

उ0नि0 संदीप विमल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना श्रीनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 191/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से संबंधित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.फिरोज पुत्र सकुर अहमद उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम पवई थाना जरिया जनपद हमीरपुर 2.परमलाल राजपूत पुत्र कट्टू उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम पवई थाना जरिया जनपद हमीरपुर को हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प कस्बा श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के 05 अदद भगौने (01 अदद 60 लीटर, 01 अदद 50 लीटर एवं 03 अदद 30-30 लीटर) तथा 01 अदद परात सफेद धातु (एल्युमीनियम) बरामद की गई। बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण –

1.फिरोज पुत्र सकुर अहमद उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम पवई थाना जरिया जनपद हमीरपुर।

2.परमलाल राजपूत पुत्र कट्टू उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम पवई थाना जरिया जनपद हमीरपुर।

बरामदगी –

01 अदद भगौना (60 लीटर)

01 अदद भगौना (50 लीटर)

03 अदद भगौना (30-30 लीटर)

01 अदद परात सफेद धातु (एल्युमीनियम)



गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 संदीप विमल

2.कां0 श्रीकान्त

3.कां0 सिकन्दर

4.कां0 धर्मेन्द्र कुमार

महोबा पुलिस

दिनांक- 14.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1032/26

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बाल दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित प्रथम वामा खेलोत्सव के प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर किया गया उत्साहवर्धन।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 14.11.2026 को बाल दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम वामा खेलोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस परिवार के बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि प्रथम वामा खेलोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पुलिस परिवार के कुल 25 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। प्रतियोगिताओं में 05 बालकों द्वारा हर्डल रेस, लंबी कूद एवं गोला फेंक तथा 02 बालिकाओं द्वारा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।
- इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया।
- कार्यक्रम में प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे तथा आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।
- यह पहल पुलिस परिवार के बच्चों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, उनके सर्वांगीण विकास एवं पुलिस परिवारों के कल्याण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

